
# दयानन्द वैदिक कालेज, उरई

**NAAC Accredited "B" Grade**

शिक्षा निदेशालय (इलाहाबाद) द्वारा 'क' श्रेणी प्राप्त




## 2016-17

# निर्देशिका





## स्वामी दयानन्द–एक परिचय

यह महाविद्यालय महर्षि दयानंद सरस्वती की नाम स्मृति एवं आदर्शों को जीवंत बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध है महर्षि दयानन्द सरस्वती भारतवर्ष के एक ऐसे महान समाज सुधारक थे जिन्होंने समाज के बीच फैली कुरीतियों और अंधविश्वासों के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया। स्वामी दयानन्द का जन्म गुजरात टंकारा नामक गाँव में 12 फरवरी सन् 1824 को हुआ था। मूल नक्षत्र में पैदा होने के कारण से नाम मूलशंकर रखा गया। प्रखर बुद्धि के होने का कारण 14 वर्ष की उम्र तक उन्हें यजुर्वेद तथा अन्य वेदों के कुछ अंश कंठस्थ हो गए थे। आप बाल्यकाल में शंकर के भक्त थे। पिता के कहने पर आपने भी एक बार शिवरात्रि का व्रत रखा लेकिन जब उन्होंने देखा कि एक चुहिया शिवलिंग पर चढ़कर नैवेद्य खा रही है तो उन्हें धक्का लगा। उसी क्षण उनका मूर्तिपूजा पर से विश्वास उठ गया। गेरूए वस्त्र धारण कर ब्रह्मचर्यकाल में ही भारतोद्धार व्रत लेकर घर से निकल पड़े।

अनेक स्थानों का भ्रमण करते हुए वे प्रथमत: वेदान्त के प्रभाव में आये तथा उन्होंने आत्मा एवं ब्रह्म की एकता को स्वीकार किया। ये अद्धैत मत में दीक्षित हुए एवं इनका नाम 'शुद्ध चैतन्य' पड़ा। इसके पश्चात ये सन्यासियों की चतुर्थ श्रेणी में दीक्षित हुए एवं यहाँ उनको दयानन्द सरस्वती की उपाधि प्राप्त हुई। सच्चे ज्ञान की खोज में स्वामी दयानन्द सरस्वती मथुरा में वेदों के प्रकाण्ड विद्वान प्रज्ञाचक्षु स्वामी विरजानन्द के पास पहुँचे जिन्होंने इन्हें वेद की शिक्षा दी। वेद की शिक्षा देने के बाद उन्होंने इन शब्दों– "मैं चाहता हूँ कि तुम संसार में जाओ और मनुष्यों में ज्ञान की ज्योति फैलाओ" के साथ स्वामी दयानन्द को विदा किया। गुरू की आज्ञा शिरोधार्य कर स्वामी दयानन्द ने अपने शेष जीवन इसी कार्य में लगा दिया। हरिद्वार जाकर उन्होंने 'पाखण्डखण्डिनी पताका' फहराई और मूर्ति पूजा का विरोध किया। उनका कहना था कि यदि गंगा नहाने, सिर मुंडाने और भभूत मलने से स्वर्ग मिलता तो मछली, भेड़ और गधा स्वर्ग के पहले अधिकारी होते। बुजुर्गो का अपमान करके मृत्यु के बाद उनका श्राद्ध करना वे निरा ढोंग मानते थे। महर्षि दयानन्द ने तत्कालीन समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों, अन्धविश्वासों और रूढ़ियों को दूर करने के लिए निर्भय होकर उन पर आक्रमण किया। उन्होंने जन्मना जाति का विरोध किया तथा कर्म के आधार पर वेदानुकूल वर्ण–निर्धारण की बात कही। वे दलितोद्धार के पक्षधर थे। उन्होंने स्त्रियों की शिक्षा के लिए प्रबल आन्दोलन चलाया साथ ही बाल विवाह तथा सती प्रथा का निषेध और विधवा विवाह का समर्थन किया। इसी से उन्हें सन्यासी योद्धा भी कहा गया है।

1875 में अपने मुम्बई में 'आर्यसमाज' की स्थापना की और देखते ही देखते देशभर में इसकी शाखाएँ खुल गई आर्य समाज की स्थापना के साथ ही स्वामी जी ने हिन्दी में ग्रन्थ रचना आरम्भ की। ऋग्वेदादि भाष्यभूमिका' उनकी असाधारण योग्यता का परिचायक ग्रन्थ है। 'सत्यार्थ प्रकाश' उनकी प्रमुख रचना है। अहिन्दी भाषी होते हुए भी स्वामी जी हिन्दी के प्रबल समर्थक थे। स्वामी दयानन्द जी सन् 1983 में दीपावली के दिन पंचतत्व मे विलीन हो गए। वे अपने पीछे 'कृण्वन्तो विश्मार्यम्' अर्थात सारे संसार का श्रेष्ठ मानव बनाओ का सिद्धांत छोड़ गए। उनकी शिक्षाएँ और संदेश, उनका 'आर्यसमाज' आन्दोलन भारतीय इतिहास में एक ज्वलंत अध्याय लिख गए, जिसकी अनुगूँज आज तक सुनी जाती है।

# दयानन्द वैदिक कालेज

उरई (जालौन) उ0प्र0

(सम्बद्ध–बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी)

*NAAC Accredited "B" Grade*

शिक्षा निदेशालय (इलाहाबाद) द्वारा 'क' श्रेणी प्राप्त

**स्थापना दिवस–20 जुलाई 1951**

# निर्देशिका

**सत्र : 2016–17**

## अत्यावश्यक निर्देश

अभिभावक तथा छात्र–छात्रायें इस निर्देशिका में निर्दिष्ट नियमों का भली–भाँति अध्ययन करने के पश्चात ही प्रवेश हेतु आवेदन करें। इसमें दिये गये सभी नियम–निर्देशों का विधिवत् पालन करना प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अनिवार्य है। किसी भी प्रकार से नियम उल्लंघन होने पर छात्र–छात्रा का प्रवेश कभी भी निरस्त किया जा सकता है।

प्राचार्य

# अनुक्रम


| | | |
|---|---|---|
| 1. | संस्था का संक्षिप्त परिचय | 03 |
| 2. | पाठ्यक्रम विवरण | 04 |
| 3. | केन्द्रीय पुस्तकालय एवं वाचनालय | 05 |
| 4. | छात्रोपयोगी महत्वपूर्ण विवरण | 08 |
| 5. | अन्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम | 09 |
| 6. | छात्र/छात्राओं हेतु अन्य सुविधायें | 10 |
| 7. | प्रवेश सम्बन्धी नियम एवं प्रवेश समितियां | 11 |
| 8. | विषय चयन सम्बन्धी नियम व विषय कोड | 15 |
| 9. | शुल्क सम्बन्धी नियम | 16 |
| 10. | परिचय–पत्र सम्बन्धी नियम | 17 |
| 11. | विद्यार्थियों द्वारा पालन किये जाने वाले विशेष नियम | 19 |
| 12. | महाविद्यालय की सत्र 2016–17 की अंतरंग समितियां | 20 |
| 13. | कार्यालयीन व्यवस्था | 26 |
| 14. | महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी | 27 |
| 15. | महत्वपूर्ण दूरभाष | 32 |


## 1. संस्था का संक्षिप्त परिचय

स्वामी दयानन्द सरस्वती के नाम से जुड़े इस महाविद्यालय की स्थापना 20 जुलाई सन् 1951 में स्व0 श्री किशोरीलाल खरे (संस्थापक प्राचार्य), स्व0 श्री मूलचन्द्र अग्रवाल, स्व0 श्री रमाशंकर सक्सेना एवं पं0 चतुर्भुज शर्मा के संयुक्त भागीरथ प्रयासों का प्रतिफल है। समूचे बुन्देलखण्ड क्षेत्र में इस महाविद्यालय की अपनी एक अनुपम छवि है, जिसने सदैव नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। कला, विज्ञान एवं शिक्षक–प्रशिक्षण इन तीनों संकायों में स्नातकोत्तर स्तर का जालौन जनपद का यह एक मात्र महाविद्यालय है। महाविद्यालय की प्रबन्धकारिणी कमेटी के पदाधिकारी, श्री महेन्द्र कुमार खरे (अध्यक्ष), डॉ0 हरीमोहन पुरवार (उपाध्यक्ष), डॉ0 देवेन्द्र कुमार (अवै.मंत्री) के संरक्षण, प्राचार्य–डॉ0 अनिल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन, नैक कमेटी के सदस्यों, प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के अथक परिश्रम से 21 जनवरी से 25 जनवरी 2014 को **NAAC Peer Team** द्वारा महाविद्यालय को उत्कृष्ट **NAAC** ग्रेड (**CGPA-2.61**) के साथ **B Grade** एवं शिक्षक शिक्षण विभाग को (**CGPA-2.76**) के साथ **B Grade** प्राप्त हुआ है। यह भी प्रसन्नता का विषय है कि शिक्षा निदेशालय (उच्च शिक्षा) इलाहाबाद द्वारा महाविद्यालय को 'क' **श्रेणी** प्रदान की गई है।

महाविद्यालय में सुसज्जित प्रयोगशालायें, लगभग 62,000 पुस्तकों का विशाल पुस्तकालय, विभिन्न अद्यतन पत्र–पत्रिकाओं से युक्त वाचनालय, नवीन प्रशासनिक भवन, अंतरंग क्रीड़ा भवन, स्टेडियम से युक्त विशाल क्रीड़ा प्रांगण, अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों, कुशल, मृदुभाषी शिक्षणेत्तर कर्मचारियों व 4000 से अधिक विद्यार्थियों के अध्ययन–अध्यापन एवं शोध की व्यवस्था है। पूर्व प्राचार्य स्व0 डॉ0 ब्रजवासीलाल जी इस विकास प्रक्रिया के प्रमुख स्तम्भ थे तथा महामना स्व0 श्री भवानीशंकर जी एवं श्री मूलचन्द्र जी अग्रवाल द्वारा महाविद्यालय को दिया गया प्रशंस्य दान सदैव स्मरणीय रहेगा। महाविद्यालय की प्रगति में स्व0 राय साहब श्री कामतानाथ सक्सेना, एडवोकेट एवं स्व0 श्री बैजनाथ गुप्ता, एडवोकेट का नाम स्मरणीय रहेगा।

आइये, हम सभी शिक्षक–शिक्षणेत्तर कर्मचारी, विद्यार्थी एवं अभिभावक मिलकर बुन्देलखण्ड के इस गौरवपूर्ण संस्थान को एक आदर्श महाविद्यालय के रूप में विकसित करने का पावन संकल्प लें।

**डॉ0 देवेन्द्र कुमार**
अवैतनिक मंत्री, प्रबन्ध कारिणी कमेटी

## 2. पाठ्यक्रम विवरण

### त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम

**(अ) कला वर्ग :**

| | | |
|---|---|---|
| हिन्दी साहित्य | संस्कृत | इतिहास |
| अंग्रेजी साहित्य | राजनीतिशास्त्र | अर्थशास्त्र |
| हिन्दी भाषा | भूगोल | शिक्षाशास्त्र |
| अंग्रेजी भाषा | रक्षा अध्ययन | मनोविज्ञान |
| संगीत (गायन व वादन) | गणित | समाजशास्त्र |
| शारीरिक शिक्षा | | |

**(ब) विज्ञान वर्ग :**

| | | |
|---|---|---|
| रसायन विज्ञान/रक्षा अध्ययन | भौतिक विज्ञान | जन्तु विज्ञान |
| वनस्पति विज्ञान | गणित | |

### द्विवर्षीय परास्नातक पाठ्यक्रम

**(अ) कला वर्ग**

| | |
|---|---|
| हिन्दी साहित्य | भूगोल (स्ववित्तपोषित) |
| अंग्रेजी साहित्य | गणित (स्ववित्तपोषित) |
| अर्थशास्त्र | मनोविज्ञान (स्ववित्तपोषित) |
| राजनीतिशास्त्र | संगीत (गायन) (स्ववित्तपोषित) |
| इतिहास | |

**(ब) विज्ञान वर्ग**

| | |
|---|---|
| रसायन विज्ञान | जन्तु विज्ञान (स्ववित्तपोषित) |
| वनस्पति विज्ञान | गणित (स्ववित्तपोषित) |

### प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (बी.एड./एम.एड.) द्विवर्षीय

महाविद्यालय में बी0एड0 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की समुचित व्यवस्था है। बी0एड0 में छात्रों की संख्या 50 है। एम0एड0 सीट 50 (स्ववित्त पोषित)।

### शोध सुविधा

महाविद्यालय के निम्नलिखित विभागों में पी–एच0डी0 उपाधि हेतु शोध कार्य करने की सुविधा उपलब्ध है–

अंग्रेजी, हिन्दी, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, इतिहास, समाजशास्त्र, संस्कृत, भूगोल, शिक्षक प्रशिक्षण विभाग, मनोविज्ञान, संगीत, जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं गणित।





### यू०जी०सी० के छात्र/छात्राओं के लिए अन्य उपयोगी कार्यक्रम

1. यू0जी0सी0 नेटवर्क रिसोर्स सेण्टर– डॉ0 राजेश चन्द्र पाण्डेय
2. कैरियर काउन्सलिंग– डॉ0 राजेश पालीवाल

### IGNOU द्वारा संचालित दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा विशेष रूप से तैयार किये गये छात्रोपयोगी दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु महाविद्यालय में (केन्द्र संख्या 27188) की स्थापना की गई है। छात्र/छात्रायें अपनी शिक्षा पूर्ण कर इग्नू के पाठ्यक्रमों द्वारा अपने शैक्षिक उन्नयन को गति प्रदान कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इग्नू के स्नातक पाठ्यक्रम B.A., B.Com., B.Sc., B.T.S. (पर्यटन) एवं B.S.W. (समाजकार्य) में प्रवेश हेतु SC/ST के छात्रों के लिये प्रवेश निःशुल्क है। अन्तिम तिथि 17 अगस्त 2016 है।

## 3. केन्द्रीय पुस्तकालय

1. छात्रों को अपने परिचय पत्र, शुल्क चालान एवं दो फोटो प्रस्तुत कर पुस्तकालय पत्र बनवाना होगा। एक बार में केवल दो पुस्तकें (उपलब्ध होने की दशा में) कार्ड पर मिल सकेंगी। एक माह की अवधि के उपरान्त पुस्तक न लौटाने पर बिलम्ब शुल्क देय होगा।
2. पुस्तकालय में प्रवेश करते समय गेट पर रखी प्रवेश पंजिका में अपना नाम, कक्षा, पुस्तकालय कार्ड संख्या, समय तथा हस्ताक्षर करने के उपरान्त ही पुस्तकालय में प्रवेश कर सकेंगे तथा अपने साथ लायी हुई वस्तु जैसे बैग, झोला, छाता इत्यादि प्रवेश द्वारा के प्रोपर्टी काउंटर पर जमा करनी होगी।
3. छात्र/छात्राओं को पुस्तक की मांग करने के लिये अपने निर्धारित दिन के पूर्व, वांछित पुस्तक का नाम, लेखक एवं अपना नाम, पुस्तकालय कार्ड संख्या तथा दिनांक आदि 4×4 स्लिप पर अंकित कर पुस्तक माँग पेटिका/सम्बन्धित काउंटर पर देनी होगी।
4. पुस्तक में क्षति होने पर अथवा खोने की दशा में पुस्तक का डेढ़ गुना मूल्य जमा कराना होगा।
5. पुस्तकालय में पुस्तकों का आदान प्रदान करते समय पुस्तकालय कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

6. पुस्तकालय में आवश्यकता पड़ने पर कोई भी निर्गत पुस्तक किसी भी समय वापस जमा करायी जा सकती है।
7. पुस्तकालय पत्र खो जाने की दशा में तत्काल शुल्क रसीद एवं प्रवेश पत्र लेकर लिखित सूचना सम्बन्धित काउण्टर पर देनी होगी जिससे कि उक्त कार्ड पर पुस्तकें न दिये जाने के प्रयास किया जा सके। फिर भी यदि कार्य व्यस्तता के कारण ऐसा हो जाता है तो पत्र धारक ही उत्तरदायी होगा।
8. परीक्षा प्रारम्भ होने के डेढ़ माह पूर्व पुस्तकालय से पुस्तकों का निर्गमन (ईसू) कार्य बन्द कर दिया जायेगा तथा परीक्षा से एक माह पूर्व पुस्तकालय की सभी पुस्तकें जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा अर्थदण्ड देय हो सकता है।
9. पुस्तकालय/अध्ययन कक्ष में छात्र/छात्राओं को शान्ति बनाये रखनी होगी तथा पत्र/पत्रिकाओं/पुस्तकों को किसी भी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचनी चाहिए।
10. सभी छात्र/छात्रायें अपने निर्धारित दिन व समय पर ही पुस्तकालय में प्रवेश करें किसी छात्र अथवा अन्य साथी को अपना पुस्तकालय कार्ड न दें साथ ही पुस्तक प्राप्त कर तुरन्त परिसर छोड़ दें, अनावश्यक रूप से न बैठें।
11. परीक्षा प्रवेश पत्र पुस्तकालय की सभी पुस्तकें वापस होने तथा कालेज का कुछ भी बकाया न होने पर अदेय प्रमाण पत्र (No Dues) प्रस्तुत करने के बाद ही मिलेगा।
12. पुस्तकालय में छात्र–छात्रायें किसी प्रकार की गंदगी न फैलायें सफाई व्यवस्था में सहयोग करें।
13. पुस्तकालय परिसर में धूम्रपान का प्रयोग वर्जित है।
14. पुस्तकालय सम्बन्धी कोई भी समस्या के निराकण हेतु पुस्तकालय के कार्यालय प्रभारी श्री कौशल किशोर द्विवेदी से दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।
15. पुस्तकालय सम्बन्धी किसी भी नियम का उल्लंघन एवं पुस्तकालयाध्यक्ष के आदेश की अवहेलना होने पर सम्बन्धित छात्र/छात्रा को तत्काल कालेज से निष्कासित कर दिया जायेगा।





**पुस्तकालय व्यवस्था**

1. एक्यूजीशन अनुभाग (कार्यालय/स्टोर एवं रिकर्ड), पुस्तकालय की सभी आन्तरिक व्यवस्थाओं एवं सभी महत्वपूर्ण अभिलेखों, पत्रावलियों तथा पंजिकाओं के कार्य सम्पादन एवं रखरखाव के लिये उत्तरदायी होगा, निर्धारित समय के 15 मिनट पूर्व पुस्तकालय खुलवाना तथा समय पर पुस्तकालय बन्द करवाना।

**प्रभारी—श्री कौशल किशोर द्विवेदी**

2. तकनीकी अनुभाग(Library Computer & Automation, Reference Section)

**सह—प्रभारी श्री विनोद कुमार यादव**

**पुस्तक वितरण व्यवस्था समय १०:३० से २:०० बजे तक**

सरकुलेशन अनुभाग—प्रभारी—श्री **रामप्रकाश प्रजापति**

| **काउन्टर-१ कला संकाय (स्नातक)** | | | **सह प्रभारी** |
|---|---|---|---|
| बी०ए० I | सोमवार (छात्रायें), | मंगलवार (छात्र) | श्री अरूण कुमार |
| बी०ए० II | बुधवार (छात्रायें), | गुरूवार (छात्र) | श्री अरूण कुमार |
| बी०ए० III | शुक्रवार (छात्रायें), | शनिवार (छात्र) | श्री अरूण कुमार |

(पत्र–पत्रिका एवं सीरियल कन्ट्रोल अनुभाग)

| **काउन्टर-२ विज्ञान संकाय (स्नातक)** | | | **सह प्रभारी** |
|---|---|---|---|
| बी०एस०सी० I | सोमवार (छात्रायें), | मंगलवार (छात्र) | श्री सुभाषचन्द्र सरोज |
| बी०एस०सी० II | बुधवार (छात्रायें), | गुरूवार (छात्र) | श्री सुभाषचन्द्र सरोज |
| बी०एस०सी० III | शुक्रवार (छात्रायें), | शनिवार (छात्र) | श्री सुभाषचन्द्र सरोज |

(बाइडिंग एवं पाण्डुलिपि अनुभाग)

| **काउन्टर-३ कला, विज्ञान संकाय (परास्नातक) एवं शिक्षक शिक्षा प्रशिक्षण** | | | **सह-प्रभारी** |
|---|---|---|---|
| एम.ए. पूर्वार्द्ध | सोमवार (छात्रायें), | मंगलवार (छात्र) | श्रीमती नीलम कटियार |
| एम.ए. उत्तरार्द्ध | बुधवार (छात्रायें), | गुरूवार (छात्र) | श्रीमती नीलम कटियार |
| एम.एस.–सी. | शुक्रवार (छात्रायें), | शनिवार (छात्र) | श्रीमती नीलम कटियार |
| बी.एड. | शुक्रवार (छात्रायें), | शनिवार (छात्र) | श्रीमती नीलम कटियार |

**(स्टैक रूम एवं औपैक)**

**सीरियल कन्ट्रोल विभाग**

**काउन्टर-४ विभागीय (प्राध्यापक एवं कर्मचारी) तथा शोधार्थी छात्र/छात्रायें**

**पीरयोडिकल सेक्शन**

**समय 12 बजे से 3 बजे तक प्रभारी श्री रामप्रकाश प्रजापति**

## 4. छात्रोपयोगी महत्वपूर्ण विवरण

### अ. छात्रवृत्ति

सामान्य, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी जाति, अल्प संख्यक विमुक्ति जाति एवं विकलांगों को जिला समाज कल्याण विभाग के नियमानुसार छात्रवृत्ति स्वीकृत होगी। छात्र/छात्राएं छात्रवृत्ति लिपिक श्रीमती आरती मिश्रा से सम्पर्क कर निर्धारित आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर समय से जमा करें।

### ब. खेलकूद (इण्डोर तथा आउटडोर)

महाविद्यालय में क्रीड़ा–समिति के निर्देशन में हॉकी, फुटबाल, क्रिकेट, बास्केटबाल के अलावा बैडमिंटन, टेबिल टेनिस आदि अन्तरंग व बालीबाल हेतु रात्रि में प्रकाश की समुचित व्यवस्था है। शारीरिक सौष्ठव व भारोत्तोलन हेतु सभी आधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं। एथिलेटिक्स का नियमित प्रशिक्षण दिया जाता है। अन्तर्महाविद्यालयीन प्रतियोगिताओं के आयोजन द्वारा छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का पूर्ण अवसर दिया जाता है।

विभिन्न संगठन जैसे रेलवे, रक्षा विभाग, ONGC, डाक/तार विभाग, पुलिस विभाग, एयर इण्डिया, टाटा आदि खिलाड़ियों को नियुक्त करते हैं। प्रमुख संस्थान, जैसे DU, JNU, IITM विभिन्न पाठ्यक्रमों में खिलाड़ियों को Sport Quota के अन्तर्गत प्रवेश देते हैं।

### स. छात्र परिषदें

स्वतन्त्र–चिन्तन, कलात्मक अभिरूचि, लेखन पटुता, चारित्रिक–दृढ़ता, नागरिकता एवं नेतृत्व जैसे गुणों के विकास के लिये महाविद्यालय में विषयवार विभिन्न परिषदों का गठन किया जाता है। इन परिषदों के तत्वावधान में समय–समय पर सांस्कृतिक साहित्यिक एवं सामाजिक समारोह आयोजित होते रहते हैं। ये परिषदें प्राध्यापकों के मार्ग निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा परिचालित की जाती हैं और इनमें भाग लेने वाले प्रतिभावान छात्र प्रोत्साहित तथा पुरस्कृत किये जाते हैं।

### द. वार्षिक पत्रिका

छात्रों की रचनात्मक एवं समालोचनात्मक प्रतिभा के विकास में महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका **'अभिनय ज्योति'** का विशेष योगदान





है। सम्पादक मण्डल द्वारा पत्रिका हेतु छात्रों से लेख आमंत्रित करने पर छात्र/छात्रायें अपने उच्चस्तरीय लेख एवं रचनायें अवश्य दें। किसी भी लेख/रचना को पत्रिका में प्रकाशित करने अथवा न करने का पूर्ण अधिकार सम्पादक मण्डल को होगा।

### य. राष्ट्रीय एवं अन्य समारोह

महाविद्यालय में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय समारोह–15 अगस्त (स्वतन्त्रता दिवस), 2 अक्टूबर (गाँधी जयन्ती) एवं 26 जनवरी (गणतन्त्र दिवस) गरिमा एवं निष्ठापूर्वक आयोजित किये जाते हैं। इनके अतिरिक्त महाविद्यालय में समय–समय पर अन्य समारोह भी आयोजित होते रहते हैं।

## 5. अन्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

### अ. एन.सी.सी.

सैन्य प्रशिक्षण द्वारा छात्र एवं छात्राओं को अनुशासित नागरिक बनाने के लिये महाविद्यालय में 1963 में एन.सी.सी. प्रारम्भ की गयी। इसमें एक प्लाटून अर्थात् 55 कैडिटों की संख्या निर्धारित है। प्रथम वर्ष में केवल 15–17 नये कैडिट लिये जाते हैं। अन्य स्थानों के लिये अनुभव को वरीयता दी जाती है। एन.सी.सी. यूनीफार्म के लिये 500/–रूपये सुरक्षित धनराशि जमा करना अनिवार्य है। इसके प्रभारी श्री रामप्रताप सिंह (हिन्दी विभाग) हैं।

### ब. राष्ट्रीय सेवा योजना

छात्रों में सामुदायिक सेवा भावना उत्पन्न करने के लिये महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की एक छात्र तथा तीन छात्रा इकाई चल रही है। प्रत्येक इकाई में 50 स्वयं सेवकों का पंजीकरण किया जाता है। राष्ट्रीय सेवा योजना में दो वर्ष तक कार्य करने के बाद उन्हें प्रमाण पत्र दिया जाता है जो महत्वपूर्ण होता है तथा बी.एड. के चयन में इसके आधार पर अतिरिक्त अंक मिलते हैं। इस योजना में भाग लेने वाले इच्छुक छात्र, छात्रायें प्रवेश लेने के बाद यथाशीघ्र निम्न कार्यक्रम अधिकारियों से सम्पर्क कर सकते हैं–

| | |
|---|---|
| 1. (कार्यक्रम अधिकारी) | डॉ0 राजेश पालीवाल |
| 2. (कार्यक्रम अधिकारी) | डॉ0 शगुफ्ता मिर्जा |
| 3. (कार्यक्रम अधिकारी) | डॉ. गिरीश श्रीवास्तव |
| 4. (कार्यक्रम अधिकारी) | डॉ0 मलिखान सिंह |

**स. रोवर्स एवं रेंजर्स**

महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को अन्य राष्ट्रीय गतिविधियों से जोड़ने के लिए रोवर्स/रेंजर्स की चार इकाईयां स्थापित है। इस योजना में भाग लेने वाले इच्छुक छात्र, छात्रायें प्रवेश लेने के बाद यथाशीघ्र निम्न कार्यक्रम अधिकारियों से सम्पर्क कर सकतें है–

1. डॉ. अलका रानी पुरवार
2. डॉ. राजेश चन्द्र पाण्डेय
3. डॉ. नीता गुप्ता
4. डॉ. नीरज कुमार द्विवेदी

## 6. छात्र/छात्राओं हेतु अन्य सुविधायें

**अ. बैंक-** छात्र/छात्राओं की सुविधा के लिय महाविद्यालय परिसर में इलाहाबाद बैंक की शाखा उपलब्ध है।

**ब. डाकघर-** छात्र/छात्राओं की सुविधा हेतु महाविद्यालय परिसर में डाकघर की शाखा उपलब्ध है।

**स. पेयजल व्यवस्था-** छात्र/छात्राओं को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए महाविद्यालय परिसर में विशाल पानी की टंकी एवं वाटरकूलर जो R.O. सिस्टम से संलग्न है।

**द. साईकिल स्टैण्ड-** छात्र/छात्राओं हेतु साईकिल स्टैण्ड का निर्माण भी कराया गया है। प्रत्येक छात्र/छात्रा को साईकिल स्टैण्ड पर ही साईकिल रखना अनिवार्य है।

**य. जेनरेटर-** बिजली की समस्या को देखते हुये जेनरेटर की सुविधा उपलब्ध है। जिसमें शिक्षण एवं परीक्षा अवधि में प्रकाश एवं हवा की समुचित व्यवस्था रहती है।

**र. सुसज्जित प्रयोगशालायें-**महाविद्यालय में प्रयोगात्मक कार्य हेतु सभी विषयों की आवश्यक उपकरणों से युक्त प्रयोगशालायें हैं। जिनमें अधिकांश कम्प्यूटरीकृत हैं।

**ल. शुल्क मुक्ति-** शासनादेशानुसार होगी।

**व. शैक्षणिक भ्रमण-** भूगोल विषय के पाठ्यक्रम तथा परास्नातक जन्तु विज्ञान विषय एवं रक्षा अध्ययन (तृतीय वर्ष) में शैक्षणिक भ्रमण के अंक निर्धारित है इसके अतिरिक्त अन्य विषय के छात्र शैक्षणिक भ्रमण कर सकते हैं।





## 7. प्रवेश सम्बन्धी नियम एवं प्रवेश समिति

महाविद्यालय में विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश हेतु विभिन्न प्रवेश समितियों का गठन किया गया है। महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी हैं। छात्र/छात्राओं द्वारा प्रवेश संबंधी नियमों का पालन आवश्यक है। इस संदर्भ में कुछ महत्वपूर्ण नियम इस प्रकार है–

1. महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया को कम्प्यूटरीकृत किया गया है, अतः प्रवेश फार्म सावधानी से भरें।
2. प्रवेश फार्म में विषय के साथ कोड भी लिखना आवश्यक है।
3. विषय चयन सावधानी से करें। विषय परिवर्तन विशेष परिस्थिति में केवल प्राचार्य की लिखित अनुमति एवं वि.वि. के द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करने पर सम्भव होगा।
4. विषय एवं विषय कोड की सूची कालम सं.8 (पृ 16) में हैं।
5. बी.ए. प्रथम एवं बी.एससी. प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु मेरिट सूची की पद्धति वि.वि. द्वारा निर्धारित की गई है। मेरिट सूची पूर्णतः पारदर्शी एवं आरक्षण के नियमों से युक्त होगी।
6. बी.ए. एवं बी.एस–सी. द्वितीय एवं तृतीय एवं एम.एस–सी. उत्तरार्द्ध में केवल डी.वी. कालेज के संस्थागत छात्र एवं छात्राओं के प्रवेश लिये जाएंगे। अन्य महाविद्यालय से उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को इन कक्षाओं में प्रवेश नही दिया जायेगा। प्रवेश हेतु शासन ने सीट निर्धारित की है। शासनादेश द्वारा सीटों में की गई वृद्धि तदनुसार मान्य होगी।
7. एम.ए. प्रथम वर्ष में मेरिट के आधार पर निर्धारित सीटों पर प्रवेश विश्वविद्यालय एवं शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं आरक्षण के नियमो से युक्त होगा।.
8. **प्रवेश समितियों के प्रभारी इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे कि किसी विषय में निर्धारित संख्या से अधिक प्रवेश न होने पाये।**
9. **प्रवेश हेतु 27 प्रतिशत स्थान पिछड़े वर्ग के लिये, 21 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति के लिए तथा 2 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित होंगे। आरक्षण का लाभ लेने वाले छात्र/छात्राओं को सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त जाति प्रमाण–पत्र संलग्न करना आवश्यक है।**

10. अनुत्तीर्ण छात्रों तथा परीक्षाओं में अनुचित साधन प्रयोग करने पर दण्डित छात्रों को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
11. बी.ए./बी.एस.–सी. तृतीय वर्ष के रक्षा अध्ययन विषय में केवल 80 प्रवेश होंगे व विभाग प्रभारी की अनुमति आवश्यक होगी।
12. योग्यता सूची में शामिल अभ्यर्थी निर्देशिका में संलग्न आवेदन पत्र को विधिवत भरकर बैंकर्स चालान के साथ निर्धारित तिथि पर प्रवेश समिति के समक्ष प्रस्तुत करें एवं रंगीन फोटो चिपकायें।
13. प्रवेश आवेदन पत्र के साथ चरित्र प्रमाण पत्र एवं निर्गम प्रमाण पत्र दोनों मूल रूप से जमा करना अनिवार्य है।
14. हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के अंक पत्रों की प्रमाणित छाया प्रतियाँ संलग्न करनी होंगी। किन्तु प्रवेश के समय इनकी मूल प्रतियाँ प्रवेश समिति के समक्ष लाकर दिखाना होगी, एवं टी.सी.की मूल प्रति जमा करनी होगी।
15. प्रवेश समिति की लिखित अनुमति लेने के बाद प्रवेशार्थी अपना प्रवेश आवेदन पत्र सम्बन्धित कक्षा के शुल्क लिपिक के पास ले जाकर उसके साथ संलग्न बैंक चालान फार्म पर शुल्क लिपिक के हस्ताक्षर भी करायेगे। ध्यान रहे कि बैंक चालान फार्म पर शुल्क की धनराशि शुल्क लिपिक द्वारा ही भरी जायेगी, प्रवेशार्थी स्वयं नहीं भरेंगे।
16. शुल्क लिपिक से विधिवत हस्ताक्षरित बैंक फार्म लेकर प्रवेशार्थी इलाहाबाद बैंक, डी0वी0 कालेज शाखा में अपना निर्धारित शुल्क जमा करेंगे। शुल्क जमा होने के बाद बैंक से प्राप्त बैंकर्स चैक/चालान का विवरण आवेदन फार्म में अंकित करके, बैंकर्स चैक को संलग्न कर सम्बन्धित शुल्क लिपिक को प्रवेश फार्म प्राप्ति हेतु हस्ताक्षर करके परिचय पत्र पर पंजीकरण संख्या डालकर फार्म प्राप्ति हेतु हस्ताक्षर करके परिचय पत्र वापस करेगा। उक्त परिचय पत्र का लेमिनेशन विद्यार्थी महाविद्यालय स्थान से निःशुल्क कराएगा। इसी परिचय पत्र के आधार पर पुस्तकालय कार्ड बनेगा।
17. अनुसूचित जाति/जनजाति/विमुक्त जाति के उन छात्र–छात्राओं को शुल्क मुक्ति एवं छात्रवृत्ति की सुविधायें उपलब्ध हैं जो शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अन्तर्गत आते हैं। अतः उक्त सुविधाओं का लाभ लेने के इच्छुक प्रवेशार्थी प्रवेश समिति की लिखित अनुमति प्राप्त करने





के बाद तथा शुल्क जमा करने के पूर्व छात्रवृत्ति लिपिक श्रीमती आरती मिश्रा से सम्पर्क करें तथा सभी आवश्यक कागजात प्रस्तुत कर अपना छात्रवृत्ति फार्म भरेंगे तथा शुल्क मुक्ति हेतु निर्धारित फार्म सं0 23 प्राप्त करेंगे जिसमें स्पष्ट निर्देश होगा कि सम्बन्धित छात्र शुल्क लिपिक से अपने चालान फार्म पर हस्ताक्षर कराकर बैंक में निर्धारित शुल्क जमा करेंगे।

18. प्रवेशार्थी प्रवेश समिति के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपने समस्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे, किसी दूसरे व्यक्ति के द्वारा लाया गया प्रवेश फार्म स्वीकार नहीं होगा।
19. एम0एस–सी0 पूर्वार्द्ध कक्षाओं में प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद विश्वविद्यालय द्वारा काउन्सलिंग द्वारा होगा। एक बार संस्थागत छात्र के रूप में एम0ए0 करने के बाद दुबारा संस्थागत छात्र के रूप में एम0ए0 करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

**प्रवेश समिति (सत्र 2016-17 हेतु विभिन्न प्रवेश समितियाँ)**

**बी०ए० प्रथम वर्ष**

| | |
|---|---|
| 1. डॉ0 आनन्द खरे | प्रभारी |
| 2. डॉ0 रमेन्द्र गुप्ता | उप प्रभारी |
| 3. डॉ0 राजेश पालीवाल | सदस्य |
| 4. डॉ0 अतुल प्रकाश बुधौलिया | सदस्य |
| 5. डॉ0 नीता गुप्ता | सदस्य |
| 6. डॉ0 मनोज कुमार श्रीवास्तव | सदस्य |

**स्थान : रक्षा अध्ययन विभाग**

**समय : 10:30 बजे 2:00 बजे तक**

**बी०ए० द्वितीय वर्ष**

| | |
|---|---|
| 1. डॉ0 डी0के0 सिंह | प्रभारी |
| 2. श्री राजन भाटिया | सदस्य |
| 3. डॉ0 मलिखान सिंह | सदस्य |

**स्थान : भूगोल विभाग**

**समय : 10:30 बजे 2:00 बजे तक**

**बी०ए० तृतीय वर्ष**

| | |
|---|---|
| 1. डॉ0 रामप्रताप सिंह | प्रभारी |
| 2. डॉ0 के.के. निगम | सदस्य |
| 3. डॉ0 शगुफ्ता मिर्जा | सदस्य |

**स्थान : संगीत विभाग**

**समय : 10:30 बजे 2:00 बजे तक**

**एम०ए०-पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध** — संबंधित विभाग प्रभारी

**बी०एस०-सी० प्रथम वर्ष**

| | |
|---|---|
| 1. डॉ0 रामकिशोर गुप्ता | प्रभारी |
| 2. डॉ0 विजय कुमार यादव | उप प्रभारी |
| 3. श्री विजय कुमार चौधरी | सदस्य |
| 4. डॉ0 मनोज कुमार गुप्त | सदस्य |
| 5. डॉ0 नील रतन सिंह | सदस्य |
| 6. डॉ0 हर्ष गर्ग | सदस्य |
| 7. डा0 ज्ञानेन्द मोहन बसेड़िया | सदस्य |

**स्थान : वनस्पति विज्ञान विभाग**

**समय : 10:30 बजे 2:00 बजे तक**

**बी०एस-सी द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष**

| | |
|---|---|
| 1. डॉ0 सुरेन्द्र सिंह चौहान | प्रभारी |
| 2. डॉ0 प्रवीण कुमार | सदस्य |
| 3. श्री आराम सिंह | सदस्य |

**स्थान : गणित विभाग**

**समय : 10:30 बजे 2:00 बजे तक**

**एम०एस-सी० पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध** — संबंधित विभाग प्रभारी





## 8. विषय चयन सम्बन्धी नियम

1. बी0ए0 प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को कुल चार विषयों का चयन करना है जिनमें हिन्दी भाषा तथा अंग्रेजी भाषा में से कोई एक विषय लेना प्रत्येक विद्यार्थी के लिये अनिवार्य है। पर्यावरण अध्ययन एवं मानव अधिकार स्नातक प्रथम वर्ष में अनिवार्य है।
2. प्रवेश लेने के समय अथवा बाद में छात्र द्वारा पंजीकरण के समय चयनित विषयों में किसी प्रकार के परिवर्तन की अनुमति नहीं है इसलिये प्रवेशार्थी प्रवेश पंजीकरण के समय ही विषयों का चयन सावधानी से करें।
3. प्रवेश देते समय प्रवेश समिति प्रभारी सावधानी पूर्वक देख लें कि प्रवेशार्थी ने अपने विषयों का चयन निर्धारित विषय तालिका ग्रुप से ही किया है।

**विज्ञान वर्ग (स्नातक) :**

| | | |
|---|---|---|
| रसायन विज्ञान/रक्षा विज्ञान | भौतिक विज्ञान | जन्तु विज्ञान |
| वनस्पति विज्ञान | गणित | |

**परास्नातक पाठ्यक्रम**

**(अ) कला वर्ग :**

| | |
|---|---|
| हिन्दी साहित्य | भूगोल (स्ववित्तपोषित) |
| अंग्रेजी साहित्य | गणित (स्ववित्तपोषित) |
| अर्थशास्त्र | मनोविज्ञान (स्ववित्तपोषित) |
| राजनीतिशास्त्र | संगीत (गायन) (स्ववित्तपोषित) |
| इतिहास | |

**(ब) विज्ञान वर्ग :**

| | |
|---|---|
| रसायन विज्ञान | जन्तु विज्ञान (स्ववित्तपोषित) |
| वनस्पति विज्ञान | गणित (स्ववित्तपोषित) |

## SUBJECT CODE

**B.A.**

| Subject | Code |
|---|---|
| Hindi Lang. | 01 |
| English Lang. | 02 |
| Mathematics | 05 |
| Defence studies | 06 |
| Geography | 07 |
| Economics | 08 |
| Hindi Lit. | 10 |
| English Lit. | 11 |
| Sanskrit Lit. | 12 |
| History | 14 |
| Political Science | 16 |
| Sociology | 17 |
| Education | 18 |
| Psychology | 20 |
| Music (Vocal) | 21 |
| Music (Tabla) | 23 |
| Environment | 25 |
| Human Right | |
| Physical Education | 39 |

**B.Sc.**

| Subject | Code |
|---|---|
| Hindi Lang. | 01 |
| English Lang. | 02 |
| Mathematics | 05 |
| Defence Studies | 06 |
| Physics | 27 |
| Chemistry | 28 |
| Zoology | 29 |
| Botany | 30 |
| Environment | 26 |
| Human Right | |

**M.Sc.**

| Subject | Code |
|---|---|
| Mathematics | 05 |
| Chemistry | 28 |
| Zoology | 29 |
| Botany | 30 |

**M.A.**

| Subject | Code |
|---|---|
| Mathematics | 05 |
| Geography | 07 |
| Economics | 08 |
| Hindi Lit. | 10 |
| English Lit. | 11 |
| History | 14 |
| Political Science | 16 |
| Psychology | 20 |
| Music (Vocal) | 21 |

### 9. शुल्क सम्बन्धी नियम

महाविद्यालय में प्रत्येक छात्र/छात्रा को पूरे सत्र का शुल्क प्रवेश के समय ही जाम करना होगा, जो महाविद्यालय परिसर में स्थित इलाहाबाद बैंक डी0वी0सी0 शाखा में वाउचर चालान द्वारा नगद जमा





होगा। बैंक वाउचर प्रवेश फार्म के साथ संलग्न है, इसके अतिरिक्त अन्य किसी ड्राफ्ट या चेक द्वारा शुल्क स्वीकारा नहीं किया जाएगा।

**नोट :**
1. एम0ए0 पूर्वार्द्ध/उत्तरार्द्ध में संगीत, भूगोल, मनोविज्ञान, गणित एवं एम0एस0सी0 पूर्वार्द्ध/उत्तरार्द्ध जन्तु विज्ञान एवं गणित स्ववित्त पोषित स्कीम के अंतर्गत हैं। इन विषयों में निर्धारित स्ववित्त पोषित स्कीम के अन्तर्गत शुल्क देय होगा।
2. एम0एड0 की स्ववित्त पोषित स्कीम के अन्तर्गत मान्यता है जिसके लिए शासन से निर्धारित शुल्क देय होगा।
3. छात्रवृत्ति फार्म भी प्रवेश फार्म के साथ ही जमा होंगे।
4. शासनादेशानुसार शुल्क में परिवर्तन नान्य होगा।
5. विश्वविद्यालय परीक्षा शुल्क उपरोक्त के अतिरिक्त देय होगा जो कि ऑनलाइन फार्म भरते समय जमा किया जायेगा।
6. प्रवेश उपरान्त प्रवेश हेतु जमा किया गया शुल्क किसी भी दशा में वापिस नहीं किया जावेगा।

**शुल्क सम्बन्धी कांउटर**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | बी0एस0सी0 प्रथम, द्वितीय, तृतीय एम0एस0सी0 प्रीवियस, फाईनल | काउंटर–5 श्री सुबोध कुमार सरोज |
| 2. | बी0ए0 प्रथम एवं द्वितीय वर्ष | काउंटर–4 श्री उमेश यादव |
| 3. | एम0ए0 पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध एवं बी0ए0 तृतीय | काउंटर–6 श्री विपुल सक्सेना |
| 4. | फार्म वितरण | काउंटर–3 श्री मनीष कुमार |

### 10. परिचय पत्र सम्बन्धी नियम एवं शुल्क तालिका

प्रवेश सम्बन्धी नियम 15 की प्रक्रिया अन्तर्गत बने परिचय पत्र के अतिरिक्त अलग से अन्य कोई परिचय पत्र नहीं बनेगा। छात्र संघ के चुनाव के पहले कोई डुप्लीकेट परिचय पत्र नहीं बनाये जाएंगे। परिचय पत्र खो जाने पर डुप्लीकेट परिचय पत्र छात्रसंघ चुनाव के बाद रूपया 50 जमा होने पर ही बनेगा।

राजाज्ञा सं0 3056/15(10)146(6) दिनांक 20.06.1976 के अनुसार

# शुल्क तालिका विवरण

**सत्र 2016–17**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | प्रवेश शुल्क | – 03/– |
| 02. | शिक्षण शुल्क स्नातक केवल छात्र | – 132/– |
| 03. | शिक्षण शुल्क परास्नातक केवल छात्र | – 180/– |
| 04. | मंहगाई शुल्क | – 42/– |
| 05. | प्रयोगशाला शुल्क (प्रति विषय) | – 240/– |
| 06. | विद्युत शुल्क | – 150/– |
| 07. | पुस्तकालय शुल्क | – 36/– |
| 08. | वाचनालय शुल्क | – 12/– |
| 09. | क्रीड़ा शुल्क | – 120/– |
| 10. | रोवर्स रेंजर्स | – 12/– |
| 11. | विकास शुल्क | – 20/– |
| 12. | परिचय–पत्र शुल्क | – 10/– |
| 13. | छात्र सहायक निधि | – 05/– |
| 14. | छात्र कल्याण निधि | – 05/– |
| 15. | छात्र संघ | – 03/– |
| 16. | गर्म एवं शीत | – 05/– |
| 17. | प्रयोगशाला कॉशनमनी (प्रति प्रायोगिक विषय) | – 50/– |
| 18. | पुस्तकालय शुल्क (कॉशनमनी) | – 50/– |
| 19. | विद्यालय पत्रिका | – 40/– |
| 20. | साइकिल स्टैण्ड प्रति छात्र | – 100/– |
| 21. | बी.एड. शिक्षण शुल्क | – 1320/– |





## 11. विद्यार्थियों द्वारा पालन किये जाने वाले विशेष नियम

1. महाविद्यालय–परिसीमा में छात्रों को पूरी तरह अनुशासित रहना होगा। किसी प्रकार की अनुशासनहीनता करने वाले छात्र दण्डित होंगे तथा उनका प्रवेश निरस्त किया जा सकता है।
2. प्राचार्य के समक्ष कोई मांग या समस्या रखते समय छात्र सदैव संयम एव शालीनता बरतेंगे।
3. कोई भी छात्र अपने साथ अनावश्यक रूप से किसी बाहरी व्यक्ति को महाविद्यालय परिसीमा में नहीं लायेगा।
4. अपने विषय की कक्षाओं को छोड़कर छात्र अन्य किसी विषय की कक्षा में नहीं जायेगा।
5. छात्र कालेज की दीवारों पर कुछ नहीं लिखेंगे और न ही पोस्टर आदि चिपकायेंगे।
6. छात्रों की हर समस्या का समाधान शान्तिपूर्ण वार्ता से सम्भव हैं, अतः छात्र आन्दोलन/हड़ताल आदि नहीं करेंगे।
7. महाविद्यालय परिसीमा में धूम्रपान तथा अन्य नशीली वस्तुओं का सेवन करना वर्जित है।
8. छात्र अपनी कक्षा/प्रयोगशाला में नियमित रूप से ठीक समय पर उपस्थित होंगे तथा बीच में कक्षा/प्रयोगशाला छोड़कर इधर–इधर नहीं जायेंगे। 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति होने पर विश्वविद्यालय परीक्षाओं से वंचित कर दिया जायेगा।
9. छात्र कालेज की किसी भी सम्पत्ति को कोई क्षति नहीं पहुंचायेंगे।
10. कोई भी समस्या होने पर छात्र किसी के बहकावे में न आयें। वे अपनी समस्या लेकर सम्बन्धित समिति से सम्पर्क करें।
11. विस्तृत दायित्व होने के कारण प्राचार्य महत्वपूर्ण कार्य में व्यस्त रहते हैं। इसलिये छात्र कोई भी समस्या लेकर सीधे प्राचार्य के पास न जायें। छात्रों की सुविधा एवं समस्या समाधान के लिये विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। छात्र पहले अपनी समस्या सम्बद्ध समिति के समक्ष रखें। उस समिति के द्वारा समाधान न होने पर ही प्राचार्य से सम्पर्क करें।
12. प्रत्येक छात्र को अनुशासन अधिकारी द्वारा समय–समय पर दिये गये लिखित एवं मौखिक निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।
13. प्रवेशार्थी प्रवेश से लेकर अन्तिम परीक्षा के बाद टी.सी. लेने तक अच्छे

छात्र के रूप में अपनी छवि बनाने का निरन्तर प्रयास करें।

14. पुस्तकालय की पुस्तकें परीक्षा से 30 दिन (एक माह) पूर्व जमा करनी होंगी ऐसा न करने पर पुस्तकों के साथ 100 रूपया दण्ड स्वरूप देय होगा।
15. महाविद्यालय में मोबाइल फोन लाना पूर्णतः प्रतिबन्धित है।
16. सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार रैगिंग दण्डनीय अपराध है, यदि कोई छात्र/छात्रा इसमें लिप्त पाया जाता है तो उसके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।
18. छात्र/छात्रायें अपने वाहन आवश्यक रूप से साइकिल स्टैण्ड पर ही खड़े करेंगे। मुख्य गेट के सामने वाहन खड़े करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

**नोट : छात्र/छात्राएं अपनी किसी भी समस्या हेतु प्राचार्य से 2.00 बजे से 3.00 बजे के बीच मिल सकते हैं।**

## 12. महाविद्यालय की सत्र 2016-17 की अंतरंग समितियाँ

### परामर्श दात्री समिति

1. प्राचार्य
2. डॉ0 आनन्द खरे
3. डॉ0 मंजू जौहरी
4. डॉ0 राजेश चन्द्र पाण्डेय
5. डॉ0 सुरेन्द्र सिंह चौहान
6. श्री विजय चौधरी
7. श्री राजन भाटिया
8. श्री अनन्त खरे
9. श्री हृदयकान्त श्रीवास्तव
10. डॉ0 अनिल कुमार श्रीवास्तव (विशेष आमंत्रित)
11. छात्र/छात्रा प्रतिनिधि
12 छात्र/छात्रा प्रतिनिधि
13. छात्र/छात्रा प्रतिनिधि
14. छात्र/छात्रा प्रतिनिधि
15. छात्र/छात्रा प्रतिनिधि

### अनुशासन समिति

1. डॉ0 राम किशोर गुप्ता — मुख्य अनुशासन अधिकारी
2. डॉ. आनन्द कुमार खरे — उप मुख्य अनुशासन अधिकारी





3. डॉ0 अलका रानी पुरवार — सदस्य
4. डॉ0 मंजू जौहरी — सदस्य
5. डॉ. विजय कुमार यादव — सदस्य
6. डॉ. सुरेन्द्र सिंह चौहान — सदस्य
7. डॉ. रमेन्द्र गुप्ता — सदस्य
8. डॉ. डी.के. सिंह — सदस्य
9. श्री विजय कुमार चौधरी — सदस्य

### एन्टी रैगिंग समिति

1. मुख्य अनुशासन अधिकारी — पदेन सभापति
2. डॉ. राजेश चन्द्र पाण्डेय — प्रभारी
3. श्री विजय कुमार चौधरी — सदस्य
4. डॉ0 अतुल प्रकाश बुधौलिया — सदस्य
5. श्री अनन्त कुमार खरे — सदस्य

### क्रीड़ा समिति

1. प्राचार्य — अध्यक्ष
2. श्री राजन भाटिया — सचिव
3. डॉ. अलका रानी पुरवार — सदस्य
4. डॉ. राजेश पालीवाल — सदस्य
5. श्री विजय कुमार चौधरी — सदस्य

### भवन निर्माण समिति

1. डॉ. हरीमोहन पुरवार, — अध्यक्ष (नामित सदस्य, प्रबन्धकारिणी कमेटी)
2. श्री हरीशंकर रावत — (नामित सदस्य, प्रबन्धकारिणी कमेटी)
3. प्राचार्य — पदेन सदस्य
4. डॉ. आनन्द कुमार खरे — प्रभारी
5. डॉ. सुरेन्द्र सिंह चौहान — सदस्य
6. श्री अनन्त कुमार खरे — सदस्य

### छात्र कल्याण समिति

1. श्र विजय कुमार चौधरी — संयोजक
2. डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव — सदस्य
3. डॉ. मलिखान सिंह — सदस्य

### छात्र संघ

1. डॉ0 आनन्द खरे — प्रभारी

**छात्रवृत्ति समिति/बैंक खाता खोलने हेतु नामित प्राध्यापक**

1. श्री विजय चौधरी — नोडल अधिकारी प्रभारी
2. डॉ. सुरेन्द्र सिंह चौहान — सदस्य
3. डॉ. रामप्रताप सिंह — सदस्य
4. डॉ0 रमेन्द्र गुप्ता — सदस्य

**समय सारिणी समिति**

1. डॉ. रामकिशोर गुप्ता — प्रभारी
2. डॉ. अलका रानी पुरवार — सदस्य
3. डॉ. शैलजा गुप्ता — सदस्य
4. डॉ. दुर्गेश कुमार सिंह — सदस्य
5. श्री विजय कुमार चौधरी — सदस्य

**क्रय समिति**

1. डॉ. हरीमोहन पुरवार — नामित सदस्य, प्रबन्धकारिणी कमेटी
2. डॉ. आनन्द कुमार खरे — प्रभारी
4. डॉ. सुरेन्द्र सिंह चौहान — सदस्य
5. श्री जितेन्द्र कुमार गौर — कार्य. सहायक लेखाकार

**पुस्तकालय सलाहकार समिति**

1. प्राचार्य — पदेन सभापति
2. डॉ. आनन्द कुमार खरे — संयोजक
3. डॉ. विजय कुमार यादव — सदस्य
4. डॉ0 राजेश चन्द्र पाण्डेय — सदस्य
5. डॉ. (श्रीमती) शैलजा गुप्ता — सदस्य
6. श्री हृदयकान्त श्रीवास्तव — पदेन सचिव

**वार्षिक पत्रिका सम्पादक मण्डल**

1. डॉ. अलका रानी पुरवार — प्रधान सम्पादक
2. डॉ. शैलजा गुप्ता — सम्पादक
3. डॉ0 राजेश पालीवाल — सम्पादक
4. श्री विजय चौधरी — सम्पादक

**विद्युत व्यवस्था समिति**

1. डॉ. सुरेन्द्र सिंह चौहान — प्रभारी
2. डॉ. रमेन्द्र गुप्त — सदस्य





**समारोह दृश्य एवं श्रव्य समिति**

1. डॉ. राजेश चन्द्र पाण्डेय — संयोजक
2. डॉ. शैलजा गुप्ता — उप संयोजक
3. डॉ0 सुरेन्द्र सिंह चौहान — सदस्य
4. डॉ. राजेश पालीवाल — सदस्य
5. डॉ. नीरज कुमार द्विवेदी — सदस्य
6. डॉ. शगुफ्ता मिर्जा — सदस्य

**विश्वविद्यालय परीक्षा समिति**

1. डॉ. रामकिशोर गुप्ता — संयोजक
2. डॉ. आनन्द कुमार खरे — उप संयोजक
3. डॉ. विजय कुमार यादव — उप संयोजक
4. डॉ. रमेन्द्र गुप्ता — सदस्य

**निर्वाचन समिति**

1. डॉ0 रामकिशोर गुप्ता — प्रभारी
2. डॉ0 विजय कुमार यादव — सदस्य
3. डॉ0 मंजू जौहरी — सदस्य
4. डॉ0 अलका रानी पुरवार — सदस्य
5. डॉ0 राजेश पालीवाल — सदस्य
6. डॉ0 अतुल प्रकाश बुधौलिया — सदस्य

**NAAC समिति**

1. डॉ0 देवेन्द्र कुमार — अवै. मंत्री पदेन अध्यक्ष
2. डॉ0 हरीमोहन पुरवार — उपाध्यक्ष प्रबन्ध कमेटी
3. प्राचार्य — संयोजक
4. डॉ0 अनिल कुमार श्रीवास्तव — मुख्य सलाहकार
5. डॉ0 राजेश चन्द्र पाण्डेय — संयोजक IQAC
6. डॉ0 शैलजा गुप्ता — संयोजक शिक्षक शिक्षा NAAC समिति
7. डॉ0 आनन्द कुमार खरे — सदस्य
8. डॉ0 अलकारानी पुरवार — सदस्य
9. डॉ0 विजय कुमार यादव — सदस्य
10. डॉ0 सुरेन्द्र सिंह चौहान — सदस्य
11. डॉ0 नीरज कुमार द्विवेदी — सदस्य

**Internal Quality Assurance Cell (IQAC)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य | पदेन सभापति |
| 2. | डॉ0 राजेश चन्द्र पाण्डेय | संयोजक |
| 3. | डॉ0 शैलजा गुप्ता | संयोजक शिक्षक शिक्षा NAAC समिति |
| 4. | डॉ0 रामकिशोर गुप्ता | मुख्य अनुशासन अधिकारी |
| 5. | डॉ0 आनन्द खरे | सदस्य |
| 6. | डॉ0 मंजू जौहरी | सदस्य |
| 7. | डॉ0 विजय कुमार यादव | सदस्य |
| 8. | डॉ0 सुरेन्द्र सिंह चौहान | सदस्य |
| 9. | डॉ0 हृदयकान्त श्रीवास्तव | सदस्य |

***प्रबन्ध समिति प्रतिनिधि***

| | | |
|---|---|---|
| 10. | डॉ0 हरीमोहन पुरवार | (उपाध्यक्ष,प्रबन्धकारिणी समिति) |

***समाज के प्रतिनिधि***

11. डॉ0 रविशंकर पाण्डेय
12. डॉ0 शरत जी श्रीवास्तव

**आटोमेशन एवं साफ्टवेयर कमेटी**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री राजन भाटिया | प्रभारी |
| 2. | डॉ0 नीरज कुमार द्विवेदी | सदस्य |

**यू०जी०सी० योजन समिति (Planning of Board)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य | पदेन सभापति |
| 2. | डॉ0 राजेश चन्द्र पाण्डेय | संयोजक |
| 3. | डॉ0 शैलजा गुप्ता | उप संयोजक |
| 4. | डॉ0 सुरेन्द्र सिंह चौहान | नोडल आफीसर AISHE |
| 5. | डॉ0 अनिल कुमार श्रीवास्तव | (मुख्य सलाहकार) |
| 6. | डॉ0 विजय कुमार यादव | सदस्य |
| 7. | श्री विजय चौधरी | सदस्य |
| 8. | डॉ0 राजेश पालीवाल | सदस्य |
| 9. | डॉ0 हृदयकान्त श्रीवास्तव | सदस्य |
| 10. | श्री जितेन्द्र कुमार गौर | सदस्य |

**विकास समिति**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य | पदेन सभापति |
| 2. | डॉ0 राजेश चन्द्र पाण्डेय | संयोजक |
| 3. | डॉ0 विजय कुमार यादव | सदस्य |





| | | |
|---|---|---|
| 4. | डॉ0 अलकारानी पुरवार | सदस्य |
| 5. | डॉ0 (श्रीमती) शैलजा गुप्ता | सदस्य |
| 6. | डॉ0 राजेश पालीवाल | सदस्य |
| 7. | डॉ0 शीलू सेंगर | सदस्य |

**काउंसलिंग एण्ड कैरियर गाइडेंस**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री योगेन्द्र बेचैन | संयोजक |
| 2. | डॉ0 राजेश पालीवाल | उप संयोजक |
| 3. | श्री विजय चौधरी | सदस्य |
| 4. | श्री राजन भाटिया | सदस्य |
| 5. | डॉ0 नगमा खानम | सदस्य |

**योग एण्ड मेडिटेशन तथा जिमनेजियम**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ0 रामेंद्र गुप्ता | प्रभारी |
| 2. | श्री राजन भाटिया | सदस्य |
| 3. | डॉ0 नीरज द्विवेदी | सदस्य |
| 4. | डॉ0 मलिखान सिंह | सदस्य |
| 5. | डॉ0 गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव | सदस्य |

**प्लेसमेंट यूनिट**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ0 डी.के. सिंह | संयोजक |
| 2. | श्री राजन भाटिया | सदस्य |
| 3. | डॉ0 राजेश पालीवाल | सदस्य |

**ग्रीवांस रीड्रेसल यूनिट**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ0 मंजू जौहरी | संयोजक |
| 2. | डॉ रामप्रताप सिंह | सदस्य |
| 3. | श्री राजन भाटिया | सदस्य |
| 4. | डॉ0 हृदयकान्त श्रीवास्तव | सदस्य |

**वीमेन सेल**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ0 अलका रानी पुरवार | संयोजक |
| 2. | डॉ0 मंजू जौहरी | सदस्य |
| 3. | डॉ0 शैलजा गुप्ता | सदस्य |
| 4. | डॉ0 लक्ष्मी गुप्ता | सदस्य |

**हैल्थ एण्ड फर्स्ट एड सेंटर**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ0 विजय कुमार यादव | संयोजक |
| 2. | डॉ0 शैलजा गुप्ता | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | डॉ0 रामप्रताप सिंह | सदस्य |

**पुरातन छात्र (ALUMNI) समन्वय समिति**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ0 मंजू जौहरी | संयोजक |
| 2. | डॉ0 रामकिशोर गुप्ता | सदस्य |
| 3. | डॉ0 शैलजा गुप्ता | सदस्य |
| 4. | डॉ0 राजेश पालीवाल | सदस्य |
| 5. | डॉ0 नीता गुप्ता | सदस्य |

**जन सूचना प्रकोष्ठ**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ0 राजेश पालीवाल | जन सूचना अधिकारी |
| 2. | डॉ0 शरत श्रीवास्तव | सदस्य |
| 3. | श्री कृष्ण गोपाल | लिपिक |
| 4. | श्री मनीष कुमार | लिपिक |

**पर्यावरण समिति**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ0 रामकिशोर गुप्ता | संयोजक |
| 2. | डॉ0 विजय कुमार यादव | सदस्य |
| 3. | डॉ0 नील रतन | सदस्य |
| 4. | डॉ0 आलोक पाठक | सदस्य |

**राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान (RUSA)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ0 अलका रानी पुरवार | संयोजक |
| 2. | श्री विजय चौधरी | सदस्य |
| 3. | डॉ0 अतुल प्रकाश बुधौलिया | सदस्य |
| 4. | डॉ0 नीति कुशवाह | सदस्य |

**13. कार्यालयीन व्यवस्था में संलग्न शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण/दायित्व**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | श्री अनन्त कुमार खरे | कार्य0 कार्यालय अधीक्षक |
| 02. | श्री जितेन्द्र कुमार गौर | लेखाकार/लेखा सम्बन्धी सभी दायित्व |
| 03. | श्री कृष्ण गोपाल सक्सैना | स्टेनोग्राफर, टी.सी./सी.सी. प्रमाणीकरण एवं अवकाश |
| 04. | श्रीमती तृप्ति श्रीवास्तव | पेंशन, जी.पी.एफ. एवं स्टेशनरी |
| 05. | ललक सिंह | परीक्षा लिपिक |
| 06. | श्री सुबोध चन्द्र सरोज | परीक्षा लिपिक |
| 07. | श्रीमती आरती मिश्रा | छात्रवृत्ति लिपिक |
| 08. | श्री विपुल सक्सेना | छात्रवृत्ति लिपिक |
| 09. | श्री अरूण कुमार लाल | कार्य0 अधीक्षक से सम्बद्ध |





| | | |
|---|---|---|
| 10. | श्री वासुदेव | डिस्पैच लिपिक एवं विद्युत, जनरेटर सम्बन्धी दायित्व |
| 11. | श्री आकाश श्रीवास्तव | कम्प्यूटर टाईपिंग एवं डाटा फीडिंग |

**14. महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी**

**(अ) प्राध्यापक मण्डल**

**हिन्दी विभाग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ0 राजेश चन्द्र पाण्डेय | M.A.;Ph.D. | वरिष्ठ प्रवक्ता–प्रभारी |
| 2. | डॉ0 राम प्रताप सिंह | M.A.;Ph.D. | वरिष्ठ प्रवक्ता |
| 3. | डॉ0 नीरज कुमार द्विवेदी | M.A.;Ph.D. | प्रवक्ता (मानदेय) |
| 4. | पद रिक्त | | |
| 5. | पद रिक्त | | |

**अर्थशास्त्र विभाग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती वर्षा राहुल | M.A.;NET | प्रवक्ता |
| 2. | पद रिक्त | | |
| 3. | पद रिक्त | | |

**अंग्रेजी विभाग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ0 (श्रीमती) अलकारानी पुरवार | M.A.;Ph.D. | रीडर–प्रभारी |
| 2. | डॉ0 अतुल प्रकाश बुधौलिया | M.A.;Ph.D. | प्रवक्ता (मानदेय) |
| 3. | डॉ0 नीता गुप्ता | M.A.;Ph.D. | प्रवक्ता (मानदेय) |
| 4. | डॉ0 शीलू सेंगर | M.A.;Ph.D. | प्रवक्ता (मानदेय) |
| 5. | पद रिक्त | | |

**राजनीतिशास्त्र विभाग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ0 आदित्य कुमार | M.A.;Ph.D. | रीडर–प्रभारी |
| 2. | डॉ0 नगमा खानम | M.A.;Ph.D. | प्रवक्ता (मानदेय) |
| 3. | पद रिक्त | | |

**इतिहास विभाग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ0 (श्रीमती) मन्जू जौहरी | M.A.;Ph.D. | रीडर–प्रभारी |
| 2. | पद रिक्त | | |
| 3. | पद रिक्त | | |

**संस्कृत विभाग**

1. पद रिक्त
2. पद रिक्त

**समाज शास्त्र विभाग**

1. डॉ० आनन्द कुमार खरे — M.A.;Ph.D. — रीडर–प्रभारी
2. पद रिक्त

**भूगोल विभाग**

1. डॉ० मनोज कुमार श्रीवास्तव — M.A.;Ph.D. — प्रवक्ता (मानदेय)
2. पद रिक्त
3. पद रिक्त

**रक्षा अध्ययन विभाग**

1. डॉ० राजेन्द्र कुमार निगम — M.Sc..;Ph.D. — रीडर–प्रभारी
2. डॉ० डी०के० सिंह — M.A.;Ph.D. — वरिष्ठ प्रवक्ता
3. पद रिक्त
4. पद रिक्त

**शिक्षा शास्त्र विभाग**

1. पद रिक्त
2. पद रिक्त

**संगीत विभाग**

1. डॉ० के०के० निगम (वादन) — M.A.;Ph.D. — प्रवक्ता (मानदेय)
2. पद रिक्त
3. पद रिक्त

**गणित विभाग**

1. डॉ० सुरेन्द्र सिंह चौहान — M.A.;Ph.D. — वरिष्ठ प्रवक्ता, प्रभारी
2. पद रिक्त

**मनोविज्ञान विभाग**

1. डॉ० तारेश भाटिया — M.A.;Ph.D. — रीडर–प्रभारी (कार्यवाहक–प्राचार्य)
2. पद रिक्त
3. पद रिक्त
4. पद रिक्त

**शारीरिक शिक्षा विभाग**

1. श्री राजन भाटिया — M.P.Ed.; — प्रवक्ता–प्रभारी

**जन्तु विज्ञान विभाग**

1. डॉ० अनिल कुमार श्रीवास्तव — M.Sc.;Ph.D. — रीडर (प्रभारी)
2. डॉ० आलोक पाठक — M.Sc.;Ph.D. — प्रवक्ता (मानदेय)





3. पद रिक्त
4. पद रिक्त

**वनस्पति विज्ञान विभाग**

1. डॉ० रामकिशोर गुप्ता — M.Sc.;Ph.D. — रीडर–प्रभारी
2. डॉ० विजय कुमार यादव — M.Sc.;Ph.D. — रीडर
3. डॉ० प्रवीण कुमार — M.Sc.;Ph.D. — प्रवक्ता
4. डॉ० नीलरतन सिंह — M.Sc.;Ph.D. — प्रवक्ता (मानदेय)
5. डॉ० (श्रीमती) नीति कुशवाहा — M.Sc.;Ph.D. — प्रवक्ता (मानदेय)

**रसायन विज्ञान विभाग**

1. श्री विजय कुमार चौधरी — M.Sc.;N.E.T. — प्रवक्ता–प्रभारी
2. डॉ० नफीसुल हसन — M.Sc.;Ph.D. — प्रवक्ता (मानदेय)
3. डॉ० ज्ञानेन्द्र मोहन बसेड़िया — M.Sc.;Ph.D. — प्रवक्ता (मानदेय)
4. डॉ० हर्ष गर्ग — M.Sc.;Ph.D. — प्रवक्ता (मानदेय)
5. डॉ० शरत श्रीवास्तव — M.Sc.;Ph.D. — प्रवक्ता (मानदेय)
6. पद रिक्त
7. पद रिक्त
8. पद रिक्त
9. पद रिक्त
10. पद रिक्त

**भौतिक विज्ञान विभाग**

1. श्री आराम सिंह — M.Phil. — प्रवक्ता
2. पद रिक्त
3. पद रिक्त

**शिक्षक शिक्षा (बी.एड.) विभाग**

1. डॉ० (श्रीमती) शैलजा गुप्ता — M.A.;Ph.D. — रीडर–प्रभारी
2. डॉ० रमेन्द्र गुप्ता — M.Sc.;Ph.D. — वरिष्ठ प्रवक्ता
3. श्री योगेन्द्र बेचैन — NET — प्रवक्ता
4. डॉ० राजेश पालीवाल — M.A.;Ph.D. — प्रवक्ता
5. पद रिक्त
6. पद रिक्त
7. पद रिक्त
8. पद रिक्त
9. पद रिक्त

10. पद रिक्त
11. पद रिक्त

**स्ववित्त पोषित योजना में नियुक्त शिक्षक**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री सुरेन्द्र यादव | एम.एड. विभाग |
| 2. | श्री योगेश कुमार पाल | एम.एड. विभाग |
| 3. | श्री उमेश सिंह | एम.एड. विभाग |
| 4. | श्री मनीष कुमार | एम.एड. विभाग |
| 5. | श्री सुरेश चन्द्र | एम.एड. विभाग |
| 6. | श्री अखिलेश कुमार गुप्ता | एम.एड. विभाग |
| 7. | डॉ0 मलिखान सिंह | भूगोल |
| 8. | डॉ0 (श्रीमती) लक्ष्मी गुप्ता | मनोविज्ञान |
| 9. | डॉ0 गिरीश श्रीवास्तव | मनोविज्ञान |
| 10. | डॉ0 शगुफ्ता मिर्जा | संगीत |
| 11. | डॉ0 मनोज कुमार गुप्ता | जन्तु विज्ञान |

**तृतीय श्रेणी कर्मचारी/पद**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | बर्सर | पद रिक्त |
| 02. | कार्यालय अधीक्षक | पद रिक्त |
| 03. | सहायक लेखाकार | पद रिक्त |
| 04. | आशुलिपिक | श्री कृष्णगोपाल |
| 05. | वरिष्ठ लिपिक | श्रीमती नीलम कटियार |
| 06. | वरिष्ठ लिपिक | श्रीमती तृप्ति श्रीवास्तव |
| 07. | लिपिक कार्यालय | श्रीमती आरती मिश्रा |
| 08. | लिपिक कार्यालय | श्री ललक सिंह |
| 09. | लिपिक कार्यालय | श्री जितेन्द्र कुमार गौर |
| 10. | लिपिक कार्यालय | श्री मनीष |
| 11. | लिपिक कार्यालय | श्री वासुदेव |
| 12. | लिपिक कार्यालय | श्री विपुल सक्सैना |
| 13. | लिपिक कार्यालय | श्री उमेश यादव |
| 14. | लिपिक कार्यालय | श्री सुबोध चन्द्र सरोज |
| 15. | लिपिक कार्यालय | श्री आकाश श्रीवास्तव |
| 16. | लिपिक कार्यालय | पद रिक्त |
| 17. | लिपिक कार्यालय | पद रिक्त |
| 18. | लिपिक कार्यालय | पद रिक्त |
| 19. | पुस्तकालयाध्यक्ष | पद रिक्त |
| 20. | केटेलागर | श्री ह्रदयकान्त श्रीवास्तव |
| 21. | वरिष्ठ लिपिक पुस्त0 | श्री कौशल किशोर द्विवेदी |
| 22. | लिपिक पुस्तकालय | श्री रामप्रकाश प्रजापति |





| | | |
|---|---|---|
| 23. | लिपिक पुस्तकालय | श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव |
| 24. | लिपिक पुस्तकालय | श्री विनोद कुमार यादव |
| 25. | लिपिक पुस्तकालय | श्री सुभाष चन्द्र सरोज |
| 26. | लिपिक पुस्तकालय | पद रिक्त |
| 27. | वरि0 प्रयो0 सहायक | पद रिक्त |
| 28. | प्रयोगशाला सहा रसा0 | श्री अनन्त कुमार खरे |
| 29. | प्रयोगशाला सहायक रसा0 | पद रिक्त |
| 30. | प्रयोगशाला सहायक वन0 | श्री विमलेश कुमार यादव |
| 31. | प्रयोगशाला सहायक जन्तु | श्री चन्दन सिंह |
| 32. | प्रयोगशाला सहायक जन्तु | श्री गोपालकृष्ण श्रीवास्तव |
| 33. | प्रयोगशाला सहायक रक्षा0 | श्री इन्द्रमोहन |
| 34. | प्रयोगशाला सहायक मनो0वि0 | श्री अरुण कुमार लाल |
| 35. | प्रयोगशाला सहायक मनो0वि0 | श्री लक्ष्मीकान्त तिवारी |
| 36. | प्रयोगशाला सहायक भौतिक | श्री नितिनराज श्रीवास्तव |
| 37. | प्रयोगशाला सहायक बी.एड. | श्री प्रतीक मिश्रा |
| 38. | प्रयोगशाला सहायक भूगोल | पद रिक्त |
| 39. | तबला संगतकार | पद रिक्त |

**चतुर्थ श्रेणी**


| | | |
|---|---|---|
| 01. | दफ्तरी | पद रिक्त |
| 02. | फर्रास | श्री उमेशचन्द्र तिवारी |
| 03. | जमादार दफ्तरी | श्री बालकृष्ण |
| 04. | अर्दली | पद रिक्त |
| 05. | अर्दली | श्रीमती मालती |
| 06. | वाटर मैन | श्री देवकीनन्दन |
| 07. | वाटर मैन | श्री शिव सिह (अनुपस्थित) |
| 08. | कार्यालय भृत्य | श्री रामप्रकाश सविता |
| 09. | कार्यालय भृत्य | श्री दीनदयाल |
| 10. | कार्यालय भृत्य | श्री अशोक कुमार निरंजन |
| 11. | माली | श्री रामअवतार |
| 12. | चौकीदार | श्री लेखराम |
| 13. | चौकीदार | श्री छत्रपाल |
| 14. | चौकीदार | पद रिक्त |
| 15. | स्वीपर | श्री सन्तराम |
| 16. | स्वीपर | श्री हरिश्याम |
| 17. | कार्यालय भृत्य | पद रिक्त |
| 18. | कार्यालय भृत्य | पद रिक्त |
| 19. | बढ़ई | पद रिक्त |
| 20. | पुस्त0 परिचर | श्री रामकुमार बुधौलिया |
| 21. | पुस्त0 जैनेटर | पद रिक्त |
| 22. | बुक लिफ्टर | पद रिक्त |

| | | |
|---|---|---|
| 23. | बुक लिफ्टर | पद रिक्त |
| 24. | बुक लिफ्टर | पद रिक्त |
| 25. | बुक बाइंडर | पद रिक्त |
| 26. | प्रयो० परिचर रसायन | श्री लालता प्रसाद |
| 27. | प्रयो० परिचर रसायन | श्री धन्नीलाल |
| 28. | प्रयो० परिसर रसायन | श्रीमती सरोजनी |
| 29. | गैस प्लान्ट मिस्त्री | पद रिक्त |
| 30 | प्रयो० परिचर रसा०वि० | पद रिक्त |
| 31. | प्रयो० परिचर वन० | श्री भइयालाल |
| 32. | प्रयो० परिचर वन० | पद रिक्त |
| 33. | प्रयो० परिचर जन्तु० | पद रिक्त |
| 34. | प्रयो० परिचर जन्तु० | पद रिक्त |
| 35. | प्रयो० परिचर भूगोल | पद रिक्त |
| 36. | प्रयो० परिचर मनो० | पद रिक्त |
| 37. | प्रयो० परिचर मनो० | पद रिक्त |
| 38. | प्रयो० परिचर | पद रिक्त |
| 39. | प्रयो० परिचर संगीत | श्री अनिल कुमार मिश्रा |
| 40. | प्रयो० परिचर भौतिक वि० | श्री अनवर हुसैन |
| 41. | बी.एड. | श्री जगदीश यादव |


## 15. महत्वपूर्ण दूरभाष

| | |
|---|---|
| महाविद्यालय कार्यालय | 252214 |
| इलाहाबाद बैंक डी०वी० कालेज विस्तार पटल | 250379 |
| वरिष्ठ कोषाधिकारी, उरई | 252291 |
| रेलवे स्टेशन उरई | 252206 |
| पुलिस कोतवाली उरई | 252218 |
| कुलपति बुन्देलखण्ड वि०व० झांसी | कार्यालय : 2320497 |
| | आवास : 2320046, 2321214 |
| कुल सचिव बुन्देलखण्ड वि०वि० झांसी | 2320496 |
| क्षेत्राधिकारी (उच्च शिक्षा) | 2452502 |
| जिलाधिकारी उरई जालौन | कार्यालय : 252201 |
| | आवास : 252200 |
| वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक | कार्यालय : 252237 |
| | आवास : 252233 |
| क्षेत्राधिकारी नगर, उरई | 252284 |
| फायर स्टेशन उरई | 252222 |





महेन्द्र कुमार खरे
अध्यक्ष



डॉ० हरीमोहन पुरवार
उपाध्यक्ष



डॉ० देवेन्द्र कुमार
अवैतनिक मंत्री

# प्रबन्धकारिणी समिति

| | |
|---|---|
| श्री महेन्द्र कुमार खरे | अध्यक्ष |
| डॉ० हरीमोहन पुरवार | उपाध्यक्ष |
| डॉ० देवेन्द्र कुमार | अवैतनिक मंत्री |
| श्री इन्द्रजीत सिंह यादव | सदस्य |
| डॉ० नारायण दास गुप्त | सदस्य |
| श्री राजेन्द्र कुमार खरे | सदस्य |
| डॉ० दिलीप सेठ | सदस्य |
| श्री विशम्भर नाथ गुप्ता | सदस्य |
| डॉ० राजेन्द्र सिंह | सदस्य |
| श्री हरीशंकर रावत | सदस्य |
| प्राचार्य | पदेन सदस्य |
| शिक्षक प्रतिनिधि सदस्य | |
| शिक्षक प्रतिनिधि सदस्य | |
| शिक्षक प्रतिनिधि सदस्य | |
| शिक्षणेत्तर कर्मचारी प्रतिनिधि सदस्य | |